सत्यमेव जयते

गुजरातराज्यसंस्कृतबोर्ड, गान्धिनगरम्

(शिक्षणविभागः, गुजरातसर्वकारः)

ग-३ सर्कल, स्वामीविवेकानन्द विद्याविहार केम्पस, सेक्टर १२, गान्धिनगरम्
अणुपत्रम् - grsbg2020@gmail.com

सम्पूर्ण गीता कण्ठस्थ करने वाले प्रतिभागियों के लिए मार्गदर्शिका
(संपूर्णगीताकण्ठपाठयोजना)

- **आयु सीमा**
  1. इस योजना में भाग लेने हेतु **कोई आयु सीमा नहीं** है।
  2. कोई भी इच्छुक व्यक्ति इसमें भाग ले सकता है।
- **पंजीकरण**
  3. केवल वे प्रतिभागी पंजीकरण हेतु पात्र होंगे जिन्होंने **गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड के मानदंडों अनुसार श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों के 700 श्लोक** कण्ठस्थ कर लिए हों।
  4. पंजीकरण प्रक्रिया **पूर्णतः ऑनलाइन एवं निशुल्क** होगी। (https://grsb.gujarat.gov.in)
- **परीक्षा प्रक्रिया**
  5. पंजीकरण के पश्चात प्रतिभागी को गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड द्वारा मान्य **समीक्षा/मूल्यांकन केन्द्र के नोडल ऑफिसर** से संपर्क कर निर्धारित तिथि पर मूल्यांकन देना होगा।
  6. समीक्षा/मूल्यांकन की तिथि उपलब्ध होने में **कुछ महीनों का समय** लग सकता है।
  7. प्रतिभागियों को अपने **स्वयं के खर्चे पर** निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
- **परीक्षण एवं चयन**
  8. प्रतिभागियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ विद्वानों की समिति द्वारा किया जाएगा।
  9. समीक्षा के मापदंड- उच्चारण की शुद्धता (40%) में शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण तथा स्वर, लय और व्याकरण का सही पालन देखा जाएगा; कंठपाठ की निपुणता (30%) में स्मरण, प्रवाह, क्रमबद्धता और कथन की सटीकता का परीक्षण होगा; भाव एवं भक्ति (20%) में भावपूर्ण, समझपूर्वक पठन तथा श्रद्धा एवं भक्ति के संतुलित प्रदर्शन को महत्व दिया जाएगा; तथा समय एवं प्रस्तुति (10%) में निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुति, आत्मविश्वास और स्थिरता का मूल्यांकन किया जाएगा।
- **सम्मान समारोह**
  10. मूल्यांकन में सफल एवं चयनित प्रतिभागियों को गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में **"गीता भूषण"** उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

11. चयनित प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु बोर्ड की ओर से **औपचारिक आमंत्रण** भेजा जाएगा।

- **सूचना एवं अद्यतन**

12. योजना से संबंधित सभी नवीनतम जानकारी, दिशानिर्देश, समय-सारिणी एवं सूचनाएँ **गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर प्रकाशित** की जाएँगी।

13. प्रतिभागियों को अनुरोध किया जाता है कि वे नियमित रूप से बोर्ड की वेबसाइट पर **अद्यतन (Updates)** देखते रहें।

- **पात्रता**

14. इस योजना में **गुजरात राज्य का कोई भी नागरिक** भाग लेने के लिए पात्र है।

सत्यमेव जयते

गुजरातराज्यसंस्कृतबोर्ड, गान्धिनगरम्

(शिक्षणविभागः, गुजरातसर्वकारः)

ग-३ सर्कल, स्वामीविवेकानन्द विद्याविहार केम्पस, सेक्टर १२, गान्धिनगरम्
अणुपत्रम् - grsbg2020@gmail.com

सौ सुभाषित कण्ठस्थ करने वाले प्रतिभागियों के लिए मार्गदर्शिका
(शतसुभाषितकंठपाठयोजना)

- **आयु सीमा**
  1. इस योजना में भाग लेने हेतु **कोई आयु सीमा नहीं** है।
  2. कोई भी इच्छुक व्यक्ति इसमें भाग ले सकता है।
- **सुभाषितों का चयन**
  3. प्रतिभागी 100 सुभाषित स्वयं चुन सकते हैं, या बोर्ड द्वारा संकलित *100 सुभाषितों का संग्रह* मार्गदर्शिका के रूप में उपलब्ध रहेगा। इस प्रकार प्रतिभागियों के पास दो विकल्प होंगे स्व-चयन (Self Selection) तथा संस्कृत बोर्ड निर्देशित संग्रह (Board Guided Collection)
  4. **स्वयं चयन किए गए सुभाषित निम्न स्रोतों में से होने चाहिए-**
     - **आद्य ग्रंथ-** रामायण, महाभारत, पुराण आदि
     - **साहित्य की प्रमुख कृतियाँ**

       पंच महाकाव्य -
       - रघुवंश, कुमारसंभव, किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवध, नैषधीयचरित
       - भास, कालिदास, भवभूति आदि महान कवियों व नाटककारों की रचनाएँ
     - **नीति-ग्रंथ**
       - शुक्रनीति, विदुरनीति, चाणक्यनीतिदर्पण
       - नीति–शतक
       - पंचतंत्र, हितोपदेश
     - **सुभाषित–संग्रह**
       - परंपरागत सुभाषित-संग्रह जैसे सुभाषितरत्नभण्डार आदि
- **विशेष निर्देश**

5. प्रतिभागी द्वारा चयनित 100 सुभाषितों का *लिखित संग्रह* प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यह संग्रह **हस्तलिखित** अथवा **कंप्यूटर–टाइप किया हुआ**, दोनों स्वीकार्य होंगे।

   संग्रह में निम्न अवश्य शामिल हो- ग्रंथ का नाम / स्रोत, संस्कृत सुभाषित (मूल पाठ), संक्षिप्त अर्थ (हिन्दी या गुजराती में)

6. इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर परीक्षक द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

   मूल्यांकन की **तिथि और स्थान** की जानकारी गुजरात राज्य संस्कृत

- **पंजीकरण**

7. केवल वे प्रतिभागी पंजीकरण हेतु पात्र होंगे जिन्होंने **गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड के मानदंडों अनुसार** 100 सुभाषित सही ढंग से कण्ठस्थ कर लिए हों।
8. पंजीकरण प्रक्रिया **पूर्णतः ऑनलाइन एवं निशुल्क** होगी। https://grsb.gujarat.gov.in

- **परीक्षा प्रक्रिया**

9. पंजीकरण के पश्चात प्रतिभागी को गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड द्वारा मान्य **समीक्षा/मूल्यांकन केन्द्र के नोडल ऑफिसर** से संपर्क कर निर्धारित तिथि पर मूल्यांकन देना होगा।
10. मूल्यांकन की तिथि और स्थान की जानकारी गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट तथा प्रतिभागी के पंजीकृत ईमेल–ID पर उपलब्ध कराई जाएगी।
11. समीक्षा/मूल्यांकन की तिथि उपलब्ध होने में **कुछ महीनों का समय** लग सकता है।
12. प्रतिभागियों को अपने **स्वयं के खर्चे पर** निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

- **परीक्षण एवं चयन**

13. प्रतिभागियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ विद्वानों की समिति द्वारा किया जाएगा।
14. समीक्षा के मापदंड- उच्चारण की शुद्धता (40%) में शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण तथा स्वर, लय और व्याकरण का सही पालन देखा जाएगा; कंठपाठ की निपुणता (30%) में स्मरण, प्रवाह, क्रमबद्धता और कथन की सटीकता का परीक्षण होगा; भाव एवं भक्ति (20%) में भावपूर्ण, समझपूर्वक पठन तथा श्रद्धा एवं भक्ति के संतुलित प्रदर्शन को महत्व दिया जाएगा; तथा समय एवं प्रस्तुति (10%) में निर्धारित समय के

भीतर प्रस्तुति, आत्मविश्वास और स्थिरता का मूल्यांकन किया जाएगा।

- **सम्मान समारोह**

15. मूल्यांकन में सफल एवं चयनित प्रतिभागियों को गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में **"शतसुभाषित पंडित"** उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

16. चयनित प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु बोर्ड की ओर से **औपचारिक आमंत्रण** भेजा जाएगा।

- **सूचना एवं अद्यतन**

17. योजना से संबंधित सभी नवीनतम जानकारी, दिशानिर्देश, समय-सारिणी एवं सूचनाएँ **गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर प्रकाशित** की जाएँगी।

18. प्रतिभागियों को अनुरोध किया जाता है कि वे नियमित रूप से बोर्ड की वेबसाइट पर **अद्यतन (Updates)** देखते रहें।

- **पात्रता**

19. इस योजना में **गुजरात राज्य का कोई भी नागरिक** भाग लेने के लिए पात्र है।